कर दो किरपा माँ झण्ड़ेयावाली

कर दो किरपा माँ झण्ड़ेयावाली,
मैं आया तेरे द्वार ते,
झोलियाँ भर दो, संकट हर दो,
अपने चरणों का प्यार दे,
कर दो किरपा माँ झण्ड़ेयावाली.......

झंडेवाली मईया तेरी शान निराली है,
तू ही मेरी अम्बे, तू ही माँ मेहरावाली है,
झूल रहे है तेरे दर पे झंडे, मेरी बिगड़ी आज सवार दे,
कर दो किरपा माँ झण्ड़ेयावाली.......

भवनों पे लगी है कतारे झंडेवालिये,
देखे नहीं कही ये नज़ारे शेरावालिये,
गूँज रहे है मंदिरो पे जैकारे,
मेरे सारे कष्ट निवार दे,
कर दो किरपा माँ झण्ड़ेयावाली.......

आये नवरात्रे तेरे मईया झण्डेवालिये,
मेहरा दे खोल दे खजाने मेहरावालिए,
मानक तेरे दर पे आया, उसे खुशिया बेशुमार दे,
कर दो किरपा माँ झण्ड़ेयावाली.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28674/title/kar-do-kirpa-maa-jhandeyawali

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |